जाम — शादी के सीजन में खरीददारी करने उमड़ रही भीड़

# रविवार को बाजार में हुआ कई बार ट्रैफिक जाम



**नवभारत, जबलपुर।** देवउठनी ग्यारस के साथ ही शुभ कार्यों के मुहूर्त शुरू होने से शादियों का सीजन भी शुरू हो रहा है। जिसके चलते बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ने लगी है। वहीं रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण सुबह से ही बाजारों में भीड़ देखने को मिली। जिसके चलते कई बार ट्रैफिक जाम की समस्या भी उत्पन्न हुई। जिसमें खास तौर पर मुख्य बाजार बड़ा फुहारा, कमानिया गेट,गंजीपुरा, लार्डगंज, अंधेरदेव, गंजीपुरा आदि सभी जगह पर कई बार ट्रैफिक जाम की समस्या भी निर्मित हुई। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।

### चार पहिया और लोडिंग वाहन मुसीबत

शादियों के सीजन को लेकर बाजारों में आने वाले दिनों पर और भीड़ उमड़ने वाली है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा कुछ डायवर्सन पॉइंट तो बनाए जाते हैं। लेकिन उसके बावजूद भी चार पहिया वाहन और बाजारों में आने वाले लोडिंग वाहनों के कारण ट्रैफिक का दवाब कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है। इसमें घंटों तक लोग इसी में फंसे रहते हैं, बाजार में आने वाले लोग और आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। कई- कई बार तो घंटे तक वाहनों की कतार भी इन बड़े वाहनों के कारण लग जाती है।

### ई- रिक्शा चालक अपनी मनमानी पर उतारू

बाजारों में ई-रिक्शा चालकों की भी मनमानी देखने को मिलती है,जहां वह सवारी ढूंढने के लिए पूरे बाजार के चक्कर लगाते रहते हैं। जहां भी सवारी दिखती है, तो चालक उसी जगह पर अपना ई-रिक्शा रोक कर खड़े कर देते हैं। खास तौर पर बढ़ती हुई भीड़ में ज्यादा सवारी ढूंढने के चक्कर में वह भीड़भाड़ में ई- रिक्शा ले जाते हैं। जिसके चलते बाजारों के अंदर लोगों को पैदल चलने में भी काफी परेशानी होती है, इसके अलावा वाहनों को निकलने में भी ई-रिक्शा के कारण काफी समस्याएं हो रही हैं।

# अवकाश पर गए डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ के भरोसे मरीज




क्लीनिक की फाईल फोटो

**जबलपुर, नवभारत।** सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड शास्त्री नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में विगत 7 नवंबर शुक्रवार से डॉ. आदित्य कुमार निजी कारणों के चलते अवकाश पर है जिसके चलते अब नर्सिंग स्टाफ मरीजों की नब्ज टटोल रहे हैं। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पहुंचे मरीजों ने नवभारत को बताया कि बीते शुक्रवार से डॉक्टर साहब अपने निजी कार्यों के चलते क्लीनिक नहीं आ रहे है। जिसकी पुष्टि करने नवभारत के प्रतिनिधि ने नर्सिंग स्टाफ से इसके बारे में जानकारी ली। स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर 7 नवंबर से अवकाश पर गए हुए है। उनके अवकाश पर जाने के बाद से यहां पर कोई पदस्थ नहीं हुआ है। क्लिनिक में सुबह 10.30 बजे से मरीज़ तो दरवाजा खटखटा रहे थे, लेकिन डॉक्टर की जगह नर्सिंग स्टाफ उनकी नब्ज टटोल रहे थे।

### एंट्री रजिस्टर की जांच की

नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ डॉक्टर सात नवम्बर से अवकाश पर है। यहां प्रतिदिन करीब 35 से 40 मरीज आते हैं। इन मरीजों की एंट्री यहां स्थित रजिस्टर में मौजूदा डॉक्टर के नाम के साथ की जाती है। नवभारत द्वारा जांच करने पर पता चला कि इस रजिस्टर में विगत 6 नवंबर के बाद से मौजूदा डॉक्टर के अवकाश के जाने की कोई सूचना नहीं थी। तीन दिनों स्टाफ द्वारा दवाएं दी जा रही है। मरीजों ने बताया कि इलाज के नाम पर मेडिकल अस्पताल भेज दिया जाता है। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर क्लीनिक में मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही है। कई बार तो समय से ताला भी नहीं खुलता है जिसके कारण मरीजों को परेशान होना पड़ता है।

### इनका कहना है

दो-तीन दिन के अवकाश पर गए डॉक्टर की जगह ड्यूटी बदली नहीं जाती है। हमारा नर्सिंग स्टाफ भी ट्रेंड रहता है।

**डॉ. संजय मिश्र**
**सीएमएचओ**

# 445 वाहनों से वसूला 1.44 लाख का जुर्माना

▶ हेलमेट नियमों की अनदेखी पर पुलिस सख्त

**नवभारत,जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश पर जिले में 22 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2025 तक हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में अभियान के उपरांत भी बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें शहर के व्हीकल मोड़, कृषि कॉलेज के सामने आधारताल, छोटी लाइन फाटक, ग्लोबल कॉलेज एवं तीन पत्ती क्षेत्रों में पुलिस की विशेष चेकिंग टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 445 वाहन चालकों से 1,33,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं का उल्लंघन करने वाले चालकों पर भी कार्रवाई करते हुए 22 चालान बनाए गए, जिनसे 11,000 रुपए का शुल्क वसूला। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट धारण करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# गांजा समेत नशे का सौदागर गिरफ्तार

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने भटौली कुण्ड के मुख्य रोड पर दबिश देकर नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 495 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक भटौली कुण्ड के एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते घेराबंदी कर गांजा बेचने घूम रहे प्रिंस उर्फ प्रियांशु सोनकर पिता सुनील सोनकर 30 वर्ष निवासी पुरानी कलारी के पास गोरखपुर को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 495 ग्राम कीमती लगभग 9 हजार 900 रूपये का गांजा जब्त हुआ।

# चमकाने पहुंचते है और ठगी कर ले जाते है जेवरात

▶ शहर में सक्रिय बाहरी गिरोह, वारदातें कर बदल देते है ठिकानें

**जबलपुर।** शहर में बाहरी गिरोह सक्रिय है। ये गिरोह जेवर चमकाने का झांसा देकर बातों में उलझाकर जेवरात लेकर गायब हो जाते है। वारदातों को अंजाम देने के बाद ठिकानें बदल देते है जिसके चलते अधिकांश मामलों में वह पुलिस गिरफ्त से दूर है। एक बार फिर ये गिरोह सक्रिय हो चुका है जो गलियों, कूचों में घूमता है और नागरिकों को निशाना बनाता है। ये गिरोह खुद जेवरात, बर्तन की चकाचक सफाई करने का कहते हुए जेवर ठग कर रफूचक्कर हो जाता है ऐसे गिरोह से सावधान रहने की जरूरत है वरना आपकी मेहनत की कमाई से बने आभूषण गंवाने पड़ सकते है।



### ऐसे करते है ठगी

गिरोह के सदस्य बाहरी राज्यों से आते है, गलियों में घूमते है। महिलाओं को जाल में फंसाते है। गिरोह के सदस्य उपनगरीय इलाको, पॉश कॉलोनियां, बस्तियों में पहुंचते है। पैदल या साइकिल से घूम-घूमकर महिलाओं को सोने चांदी के जेवर, बर्तन की सफाई करने की बात कहते हुए जेवरात लेते है और बातों में उलझाकर जेवर लेकर फरार हो जाते है।

### ये गिरोह है सक्रिय

सूत्रों की माने तो जेवर जमकाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार, उप्र, दिल्ली, हरियाणा से आता है। इसके अलावा जिले में अंतरराज्यीय गैंग से लेकर पारधी गिरोह भी सक्रिय है जिन्होंने पूर्व में डकैती जैसी वारदातों को तक अंजाम दिया है। कुछ गिरोह ऐसे भी है जो घर में घुसकर वारदातें करते है। डेरो की आड़ में भी अपराधियों ने ठिकाना बना रखा है।

**केस 1-** सात अक्टूबर को बरेला में मानसी मिश्रा के घर जेवर साफ करने दो व्यक्ति मोटर सायकिल से पहुंचे और बातों में उलझाकर मंगलसूत्र, सोने की झुमकी लेकर चंपत हो गए।
**केस 2-**गोरखपुर में रानीबाला शर्मा के घर दो युवक पहुंचे थे जिन्होंने जेवर चमकाने के नाम पर महिला के साढे 6 तोला वजनी कंगल एवं चैन गायब कर दी थी।
**केस 3-**कोतवाली में अनिल कुमार के घर अलमारी ठीक करने और जेवर चमकाने पहुंचे जालसाज जेवर चमकाने की बात कहते हुए जेवर, नगदी ले कर चले गए थे।

### सावधान हो जाए

पुलिस के साथ शिकायतें पहुंच रही है पुलिस कायमी कर रही है लेकिन गिरोह के सदस्य पकड़े नहीं जा रहे है ऐसे ठगों से सावधान रहने की जरूरत है। घरों में रहने वाली महिलाएं अनजान लोगों के झांसे में न आये। सतर्क रहे ताकि जालसाजी उनके साथ न हो।

# दो पक्षों में टकराव, चले लट्ठ, आधा दर्जन घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत पड़रिया थूहा में ट्रेक्टर का टायर फटने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें आधा दर्जन घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर जागे सिंह 65 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थूहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भतीजा अरविंद सिंह का ट्रेक्टर सीट ड्रिल फंसाकर निकला जिसकी सीट ड्रिल का हिस्सा उसके ट्रेक्टर के आगे चका में लग गया जिससे टायर फट गया, उसने अरविंद से टायर सुधरवा के लिए बोला। इस बात पर अरविन्द लोधी कुल्हाड़ी लेकर एवं दिनेश लोधी, मुकेश लोधी, रज्जू लोधी लाठी लेकर आये और हमला कर दिया। उसका लड़का बाबू सिंह, अजय सिंह, सत्तार लोधी एवं नातिन समीक्षा, जयश्री लोधी बीच बचाव करने आईं तो अरविन्द ने सत्तार एवं समीक्षा को कुल्हाड़ी से हमलाकर चोट पहुंचा दी। जयश्री, बाबू सिंह, अजय लोधी, को दिनेश लोधी, मुकेश लोधी, रज्जू लोधी ने लाठियों से मारपीट कर चोटें पहुँचा दी। वहीं अरविंद सिंह लोधी 48 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थूहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 8 बजे उसके ट्रेक्टर की सीट ड्रिल से उसके चाचा के लड़के सत्तार सिंह के ट्रेक्टर में लग गया था जिससे टायर फट गया था तो सत्तार सिंह बोले कि टायर अभी बनवाओं, उसने कहा कि कुछ समय दे दो जबलपुर से टायर लाकर दे देगा, इसी बात पर सुबह लगभग 11-40 बजे सत्तार सिंह लाठी लेकर, बाबू सिंह, अजय सिंह आकर विवाद करते हुये बोले कि टायर अभी बनवाओ, सत्तार सिंह लोधी ने लाठी से हमलाकर उसके सिर, हाथ कंधे में चोट पहुंचा दी।

# पहले फोरव्हीलर से कुचला, रॉड से किया हमला

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर में फोरव्हीलर चालक ने पहले एक युवक को कुचला इसके बाद उन्होंने घायल पर रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक राहुल शर्मा निवासी कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात 11.35 बजे घर से पारुल गैलरी के पास काली जी की प्रतिमा का पंडाल खोलने आया था उसी समय फोर व्हीलर क्रमांक एमपी 20 जेडएच का चालक साहिल यादव गाड़ी चलाकर कांचघर तरफ से आया और उसको टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आ गई। इसके बाद व्हीलर गाड़ी में बैठा साहिल यादव गाड़ी से उतरकर उस पर रॉड से हमला करने लगा। इसी समय आशुतोष नाथ, आकाश चौधरी, अतुल पटेल लोग गाड़ी से उतरकर हाथ घूसों से मारपीट किये थे। मारपीट में उसे चोटें आ गई। इसके बाद सभी फोरव्हीलर में बैठकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर साहिल यादव, आसुतोष नाथ, आकाश चौधरी, अतुल पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो



**नवभारत,जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत जिले में चल रहे मतदाताओं के सत्यापन कार्य की समीक्षा रविवार को कुंडम एसडीएम प्रगति गणवीर ने की। एसडीएम गणवीर ने कुंडम क्षेत्र के तिलसानी, घुघरी और देहरीखुर्द ग्रामों का दौरा कर मतदाताओं के सत्यापन की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मतदाताओं की मैपिंग, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण तथा भरे हुए प्रपत्रों के संकलन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने दायित्वों का निर्वहन करें और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज हो।

# 5 घंटे कॉम्बिंग गश्त : धरपकड़ में 280 वारंटियों को दबोचा

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में पुलिस ने बीती रात 9 बजे से रात्रि 2 बजे कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 116 गैर म्यादी वारंटियों एवं 92 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 72 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के



दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए कांबिंग गस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के मार्ग निर्देशन में की गयी।गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

# चाकू मारकर लूट करने वाले दो ईनामी लुटेरें गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने होटल संचालक को चाकू मारकर लूट करने वाले फरार 2 ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। जिनके कब्जे से छीने हुये रूपयों में से नगद 2 हजार रूपये , घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त की गई है। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि 4 मई की रात 8.30 बजे साहिब बेन और उसके साथी भोला उर्फ अनुज बेन होटल संचालक सीताराम सैनी 51 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर के सामने बजरंग नगर राँझी पर चाकू हमला कर जेब से 5000 हजार रुपये लूट लिए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने पांच-पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। बीती रात साहिब बेन पिता बलराम बेन 28 वर्ष, भोला उर्फ अनुज बेन पिता सुनील बेन दोनों

# कुलपति के आवास पर निकला सात फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ अशोक खंडेलवाल के शासकीय आवास पर दोपहर एक बजे एक सात फीट लंबा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है। जो कि जहरीला नहीं होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।



# संस्कार सिटी में चोरियों से दहशत, पुलिस सुस्त

**जबलपुर।** सूरतलाई स्थित संस्कार सिटी टाउनशिप में चोरियां बढ़ने से रहवासी दहशत में है। पुलिस गश्त पर भी सवाल उठ रहे है। चोर जहां दिन हो या रात घरों, दुकानों के ताले तोड़ रहे है तो पुलिस चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। चोर चुस्त है तो पुलिस की चाल सुस्त है। संस्कार सिटी कालोनी में एके सिन्हा,धानेन्द्र शुक्ल, आदित्य अग्रवाल, एस. सोनी, रावत जी, डा. सौरभ शर्मा, राम किराना सूरतलाई में रोड़ और सूरतलाई में रोड़ में ही रामसिंह ठाकुर की किराना दुकान, जहां से चोरों ने ढाई लाख रुपए उड़ाए थे। इसके अलावा ऐसे कई घर हैं जहां चोरियां हुई हैं। नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्या वजह कि संस्कार सिटी में पिछले वर्षों हुई चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक भी चोर को नहीं पकड़ा जा सका। कहीं पुलिस कर्मियों की चोरों से मिलीभगत तो नहीं चल रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि संस्कार सिटी कालोनी में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए माढ़ोताल पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर हो चुका है। चोरी की घटनाओं को लेकर आज सोमवार को दोपहर 2 बजे संस्कार सिटी कालोनी के बुजुर्ग नागरिक पुलिस महानिरीक्षक से इस संबंध में भेंट करके पूरी जानकारी से अवगत कराएंगे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक व माढ़ोताल थाना प्रभारी से मुलाकात की जाएगी। कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश कुररिया,केके पाण्डेय, राजेन्द्र नागोत्रा,एके श्रीवास्तव, ओंकार सिंह ठाकुर आदि ने अधिक से अधिक नागरिकों को आईजी आफिस (सिविल लाइन थाने के पीछे) में इकट्ठा होने की अपील की है।

निरीक्षण — निगमायुक्त ने किया विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटैल उद्यान का निरीक्षण

# शहर के चारों तरफ सिर्फ सफाई ही दिखे : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शहर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इस दौरान निगमायुक्त के द्वारा सफाई के साथ-साथ शहर के उद्यानों, डिवाइडरों, लेफ्ट टर्न, सड़कों, कंजरवेंसियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी मुआयना सघनतापूर्वक किया जा रहा है, इसी कड़ी में निगमायुक्त के द्वारा विजय नगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटैल उद्यान का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उद्यान की साफ-सफाई देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए निगमायुक्त ने टीम की सराहना की और पार्क को और अधिक सुसज्जित एवं सुविधायुक्त बनाने निर्देश दिये।



इसके बाद निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा लोककर्म विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो को गंभीरता के साथ करें और सुव्यवस्थित पार्क विकसित हो, पार्कों की सुन्दरता बढ़े और अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पानी की उपलब्धता के साथ-साथ साफ-सफाई गार्डनिंग और ओपन जिम के साथ बच्चों के लिए फिसलपट्टी आदि उपकरण लगाने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का भी मुआयना किया जहाँ उन्होंने संतोष जनक सफाई व्यवस्था देखने के बाद स्वास्थ्य अमले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी ही सफाई शहर के कोने-कोने में सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डेढ़ लाख के जेवर चुराने वाली महाराष्ट्र की महिलाएं पकड़ाई

▶ बस में महिला यात्री के चुराये थे जेवर

**जबलपुर।** बस में बैठकर यात्री महिला के जेवर चुराने वाली महाराष्ट्र की दो महिला चोरों को बरगी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चुराये हुये सोने के झाले, चांदी की पायल, बिछिया कीमती 1 लाख 50 हजार रूपये के जप्त किए गए हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि श्रीमति सीमा जैन 50 वर्ष निवासी गार्ड लाईन वार्ड नम्बर 1 दमोह जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 नवंबर को मां गुणमाला जैन के साथ दमोह से जबलपुर बस से पहुंची थी। रात में दोनों बरगी बस स्टाप पर उतरे। इसके बाद बहन के घर बरगी पहुं जहां उसने देखा पर्स में रखे जेवर गायब थे। पुलिस ने



रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। इस मामले में सिवनी बस स्टैण्ड में पुलिस ने दबिश देते हुये यशोदा पति विजय लौंडे 38 वर्ष, सुधा गायकवाड पति कृष्णानंद गायकवाड 55 वर्ष दोनों निवासी कलमना जिला नागपुर महाराष्ट्र को पकड़ा गया। जिन्होंने ने चोरी करनास्वीकार किया। जिनके कब्जे से जेवर जब्त कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।